# PAPER-II
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**J A 0 1 4 1 7**

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   - (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the Test Booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   - (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   - (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण** : ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Who among the following said 'that the movement of New Public Administration is a part of the rebellion of Youth and the counter culture of the non-Marxian left' ?

(1) George Frednickson (2) Dwight Waldo

(3) Frank Marini (4) R.T. Golembiewski

**2.** Consider the following statements regarding Minnowbrook Conferences :

(i) All the conferences were held in Syracuse University.

(ii) Social Equity has remained the thrust area in all the conferences.

(iii) These conferences were held at an interval of 20 years.

(iv) These conferences have emphasized to make Public administration as independent discipline, hence rejected inter-disciplinary studies.

Select correct answer by using the codes given below :

(1) (i), (ii), (iii)

(2) (i), (iii), (iv)

(3) (ii), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**3.** Select the correct steps as suggested by William A. Niskanen for mitigation of evils of bureaucratic monopoly, by using code given below :

(i) Stricter control on bureaucracy through executive or the legislature.

(ii) More competition in the delivery of public services.

(iii) Privatization or contracting-out to reduce wastage.

(iv) Dissemination of more information for public benefits about the availability of alternatives to public services.

**Codes :**

(1) (i) and (ii)

(2) (i), (ii) and (iii)

(3) (ii), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

## लोक प्रशासन

**प्रश्नपत्र – II**

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से यह किसका कथन है कि नवीन लोक प्रशासन का आंदोलन युवाओं के विद्रोह और वामपंथी गैर-मार्क्सवादियों की प्रति-संस्कृति का एक अंग है ?

(1) जॉर्ज फ्रेडरिक्सन
(2) ड्वाईट वाल्डो
(3) फ्रेंक मेरिनी
(4) आर.टी. गोलमबाइस्की

**2.** मिन्नोब्रुक सम्मेलनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :-

(i) सभी सम्मेलनों का आयोजन सिराक्यूज विश्वविद्यालयों में हुआ था।
(ii) सभी सम्मेलनों में सामाजिक समता चर्चा का मुख्य विषय रहा।
(iii) इन सम्मेलनों का आयोजन 20 वर्षों के अंतराल पर हुआ।
(iv) इन सम्मेलनों ने लोक प्रशासन को स्वतंत्र विषय बनाने पर बल दिया, इस प्रकार से अंतर-विषयक अध्ययनों को अस्वीकृत किया।

नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii), (iii)
(2) (i), (iii), (iv)
(3) (ii), (iii), (iv)
(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**3.** नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए नौकरशाही एकाधिकार की बुराइयों के शमन के लिए विलियम ए. निस्कनेन द्वारा सुझाए गए सही कदमों का चयन कीजिए :

(i) कार्यकारी अथवा विधायिका के माध्यम से नौकरशाही पर कड़ा नियंत्रण
(ii) लोक सेवाओं को प्रदान करने में अधिक स्पर्धा
(iii) अपव्यय को कम करने के लिए निजीकरण अथवा अनुबंधीकरण
(iv) लोक सेवाओं के लिए विकल्पों की उपलब्धता के बारे में जन लाभों हेतु अधिक जानकारी का प्रचार-प्रसार।

**कूट :-**

(1) (i) और (ii)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (ii), (iii) और (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

4. ‘Market ‘driven new managerialism can run counter self governance, as it is structured around the idea of happy consumers rather than involved citizen’ is the characteristics of

(1) New Public Administration

(2) New Public Management

(3) Traditional Public Administration

(4) New Public Service Theory

5. Which one of the following is not correct regarding principal-agent relationships ?

(1) Modern democratic state is based on principal-agent relationship.

(2) Principal-agent relationships can be reduced to contractual terms.

(3) The relationships are in between ‘population’ and its ‘rulers’.

(4) The ‘rulers’ cannot be the ‘principal’ for the staff engaged for delivering contract.

6. The word hierarchy comes from which of the following ?

(1) Greek word (2) French word

(3) Latin word (4) Indian word

7. Cognitive needs in Maslow’s motivational theory mean

(1) Trust and acceptance

(2) Knowledge and understanding

(3) Realizing personal potential

(4) Helping others to achieve self-actualization

8. Who among the following classical thinkers is a pioneer in suggesting the need for systematic training in administration ?

(1) F.W. Taylor (2) Henri Fayol

(3) Max Weber (4) Urwick

**4.** बाजारोन्मुखी नव प्रबंधवाद स्व-शासन के प्रतिकूल चलता है जैसे कि इसकी संरचना नागरिकों की भागीदारी के साथ न करके प्रसन्न उपभोक्ता के विचार के साथ की गई है, निम्नलिखित में से यह किसकी विशेषता है ?

(1) नवीन लोक प्रशासन

(2) नवीन लोक प्रबंधन

(3) पारंपरिक लोक प्रशासन

(4) नवीन लोक सेवा सिद्धांत

**5.** प्रधान-अभिकर्ता संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(1) आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य प्रधान-अभिकर्ता संबंध पर आधारित होते हैं।

(2) प्रधान-अभिकर्ता संबंधों को अनुबंधीय शर्तों तक न्यून किया जा सकता है।

(3) संबंध 'जनसंख्या' और इसके 'शासकों' के बीच हैं।

(4) 'शासक' अनुबंध प्रधान करने से जुड़े कर्मचारियों का 'प्रधान' नहीं हो सकता।

**6.** पदसोपान शब्द निम्नांकित में से किससे सम्बन्धित है ?

(1) ग्रीक शब्द (2) फ्रेंच शब्द

(3) लैटिन शब्द (4) भारतीय शब्द

**7.** मैसलो के अभिप्रेरक सिद्धांत में संज्ञानात्मक आवश्यकताओं से अभिप्राय है :

(1) विश्वास ओर स्वीकृति

(2) ज्ञान और समझ

(3) व्यक्तिगत क्षमता को अनुभव करना

(4) आत्म-सिद्धि को प्राप्त करने के लिए दूसरों की सहायता करना

**8.** निम्नांकित शास्त्रीय चिन्तकों में से प्रशासन में व्यवस्थित प्रशिक्षण की आवश्यकता का सुझाव देने वालों में कौन अग्रणी था ?

(1) एफ. डब्ल्यू. टेलर (2) हेनरी फेयोल

(3) मैक्स वेबर (4) उर्विक

**9.** The decision's which are unstructured and involve major commitments are called

(1) Rational Decisions (2) Irrational Decisions

(3) Programmed Decisions (4) Non-programmed Decisions

**10.** Which of the following is not the component of Transformational Leadership ?

(1) Idealized Influence (2) Inspirational Motivation

(3) Individualized Consideration (4) Informational Techniques

**11.** The caste bureaucracy has a class base and "arises from the class connection of those in the controlling positions". This statement is made by

(1) F.M. Marx (2) Max Weber

(3) P.H. Appleby (4) Karl Marx

**12.** 'The examination is nothing but bureaucratic baptism of knowledge, the official recognition of the trans substantiation of profane knowledge into sacred knowledge' who said it ?

(1) Hegel (2) Karl Marx

(3) Philip Selznick (4) Robert Merton

**13.** Which of the following is not a feature of Prismatic society as given by F.W. Riggs ?

(1) Heterogeneity (2) Formalism

(3) Over-lapping (4) Continuity

**14.** In which of the following country the provision of 'Prime Minister's Question Time' is available ?

(1) Canada (2) Japan

(3) France (4) United Kingdom

**9.** ऐसे निर्णय जो असंरचित एवं प्रमुख प्रतिबद्धता के साथ जुड़े रहते हैं उन्हें निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?

(1) तार्किक निर्णय
(2) अतार्किक निर्णय
(3) कार्यबद्ध निर्णय
(4) अकार्यबद्ध निर्णय

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा रूपांतरित नेतृत्व का घटक नहीं है ?

(1) आदर्श प्रभाव
(2) प्रेरणास्पद अभिप्रेरणा
(3) व्यैक्तिक महत्त्व
(4) सूचनागत तकनीक

**11.** जाति नौकरशाही का वर्ग आधार है और यह "उन लोगों के वर्ग संबंधन से उत्पन्न होता है जो नियंत्रणकारी स्थिति में हैं" । यह वक्तव्य है

(1) एफ.एम. मार्क्स
(2) मैक्स वेबर
(3) पी. एच. एपलबी
(4) कार्ल मार्क्स

**12.** **"**परीक्षा और कुछ नहीं सिर्फ ज्ञान का नौकरशाही में अभिषेक है, यह पवित्र ज्ञान को अनादरित ज्ञान के मूर्तरूप में परिवर्तन करने की सरकारी मान्यता है।**"** यह कथन किसका है ?

(1) हीगल
(2) कार्ल मार्क्स
(3) फिलिप सेल्जनिक
(4) रॉबर्ट मर्टन

**13.** निम्न में से कौन एफ. डब्ल्यू. रिग्स द्वारा यथावर्णित प्रिज्मीय समाज की विशेषता नहीं है ?

(1) विषम-जातीयता
(2) औपचारिकतावाद
(3) अतिव्यापन
(4) निरंतरता

**14.** निम्नांकित में से किस देश में **"**प्रधान मंत्री से प्रश्न समय**"** का प्रावधान उपलब्ध है ?

(1) कनाडा
(2) जापान
(3) फ्रांस
(4) यूनाइटेड किंगडम

**15.** Consider the following about the administrative system of U.S.A. and select the correct answer using the codes given below :

(i) President is the highest executive authority but budget is approved by the Congress.

(ii) The treaties signed by the President and appointments done by him on the higher posts are to be satisfied by two thirds majority of Senate.

(iii) Any action or order issued by the President, if found contrary to the constitution can be declared ultravirus under the judicial review.

(iv) The President cannot withhold any bill or use Suspensive or Pocket Veto.

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii), (iv)    (2) (i), (iii), (iv)

(3) (ii), (iii), (iv)    (4) (i), (ii), (iii)

**16.** Which of the following deals with the matters of Foreign Affairs in U.S.A. ?

(1) Secretary of State    (2) Secretary of Defense

(3) Secretary of Homeland Security    (4) Secretary of Interior

**17.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Committees)** | | **List – II (Recommendations)** | |
|---|---|---|---|
| a. | John H. Whitley Committee | i. | The office of Parliamentary Commissioner |
| b. | Fulton Committee | ii. | Improving Management in Government : The Next Steps |
| c. | John Whytt Committee | iii. | Dispute Settlement on Service Conditions |
| d. | Sir Robbins Ibbs Committee | iv. | Generalist Specialist Reforms |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

**15.** अमरीका (यू.एस.ए.) की प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :-

(i) राष्ट्रपति सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी है लेकिन बजट का अनुमोदन कांग्रेस के द्वारा किया जाता है ।

(ii) राष्ट्रपति के द्वारा हस्ताक्षरित संधियों और उच्च पदों पर उसके द्वारा की गई नियुक्तियों की अभिपुष्टि सीनेट के दो-तिहाई बहुमत से की जाती है ।

(iii) राष्ट्रपति की किसी कार्रवाई अथवा जारी आदेश को यदि संविधान के प्रतिकूल पाया जाता है तो इसे न्यायिक समीक्षा के अंतर्गत शक्ति बाह्य घोषित किया जा सकता है ।

(iv) राष्ट्रपति किसी विधेयक को रोक अथवा स्थगनक उपयोग अथवा जेबी निषेधाधिकार नहीं कर सकता ।

**कूट** :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)
(2) (i), (iii), (iv)
(3) (ii), (iii), (iv)
(4) (i), (ii), (iii)

**16.** निम्न में से कौन यू. एस. ए. में वैदेशिक मामलों को देखता है ?

(1) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट
(2) सेक्रेटरी ऑफ डिफेंस
(3) सेक्रेटरी ऑफ होमलैण्ड सिक्योरिटी
(4) सेक्रेटरी ऑफ इंटीरियर

**17.** सूची-I को सूची -II से सुमेलित कीजिए । नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I (समितियाँ)** | | **सूची – II (सुझाव)** |
|---|---|---|---|
| (a) | जॉन एच. व्हिटले समिति | (i) | संसदीय आयुक्त का पद |
| (b) | फुल्टन समिति | (ii) | सरकारी प्रबन्ध में सुधार: अगला कदम |
| (c) | जॉन वाइट समिति | (iii) | सेवा शर्तों के विवादों का समाधान |
| (d) | सर रोबिन्स इब्ब समिति | (iv) | सामान्य विशेषज्ञ सुधार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**18.** Which goal of 2030 Agenda for Sustainable Development declared by United Nations covers climate change and its impact ?

(1) Goal 2 (2) Goal 8

(3) Goal 13 (4) Goal 17

**19.** Central Pollution Board was established under which one of the following Acts ?

(1) The Environment (Protection) Act, 1986.

(2) The Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974.

(3) The Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981.

(4) The Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1987.

**20.** Which of the following are the recommendations of the Second Administrative Reforms Commission relating to the Para States at the district level ?

(i) Merger of DRDA (District Rural Development Agency) with the Zila Parishad.

(ii) Merger of District Water and Sanitation Committee with the respective district Panchayat.

(iii) Establishing an organic relationship between the PRIs and the District Health Society.

(iv) The Union and State governments should continue to set up special committees outside the PRIs.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv)

(2) (i), (ii) and (iii)

(3) (ii), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii) and (iv)

**21.** Which of the following pairs are not correctly matched as given by Kautilya ?

(1) Dauvarika – Chief to Palace Attendants

(2) Prastar – Magistrate

(3) Samaharta – Collector-General

(4) Paur – Town Guard

**18.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित सतत विकास के लिए एजेंडा 2030 में जलवायु परिवर्तन एवं उसके प्रभावों को निम्नांकित में से किस रूप में घोषित किया गया है ?

(1) लक्ष्य 2
(2) लक्ष्य 8
(3) लक्ष्य 13
(4) लक्ष्य 17

**19.** निम्न में से किस अधिनियम के अन्तर्गत केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड का गठन किया गया है ?

(1) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(2) जल (प्रदूषण प्रतिरोध एवं नियन्त्रण )अधिनियम, 1974
(3) वायु (प्रदूषण प्रतिरोध एवं नियन्त्रण) अधिनियम, 1981
(4) वायु (प्रदूषण प्रतिरोध एवं नियन्त्रण) अधिनियम, 1987

**20.** ज़िला स्तर पर अर्द्ध राजकीय निकायों के संबंध में द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की निम्नलिखित में से क्या सिफारिशे हैं ?

(i) ज़िला परिषद के साथ डी आर डी ए (जिला ग्रामीण विकास एजेन्सी) का विलय
(ii) संबद्ध ज़िला पंचायत के साथ ज़िला जल और स्वच्छता समिति का विलय
(iii) पी आर आई और ज़िला स्वास्थ्य संस्था के बीच सुव्यवस्थित संबंध की स्थापना
(iv) केन्द्र और राज्य सरकारों को पी आर आई से पृथक विशेष समितियों का गठन जारी रखना चाहिए ।

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(1) (i), (ii), (iii) और (iv)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (ii), (iii) और (iv)
(4) (i), (ii) और (iv)

**21.** कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित निम्नांकित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(1) द्वौवारिक – महल के अनुचरों का प्रमुख
(2) प्रस्तर – दण्डाधिकारी
(3) समाहर्ता – महा संग्राहक
(4) पौर – नगर रक्षक

**22.** Chronologically arrange the following in ascending order :

i. Regulating Act

ii. Cornwallis Code

iii. Aitchison Commission

iv. Macaulay Report

**Codes :**

(1) i, ii, iii, iv

(2) ii, iii, iv, i

(3) ii, i, iv, iii

(4) i, ii, iv, iii

**23.** Which one of the following committees first recommended for introduction of an essay paper carrying 200 marks in the Civil Service (main) Examination ?

(1) Kothari Committee, 1976

(2) Satish Chandra Committee, 1989

(3) Surendra Nath Committee, 2003

(4) P.C. Hota Committee, 2004

**24.** Which of the following match/s is/are wrong ? Answer by using codes :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Chairman of UPSC | – | Appointed by President of India |
| ii. | Members of UPSC | – | Appointed by Chairman, UPSC |
| iii. | Retirement of Chairman and Members of UPSC | – | 5 years or 62 years of age whichever is earlier |
| iv. | Members of UPSC | – | Removed by Prime Minister of India |

**Codes :**

(1) i, ii, iv

(2) iii, & iv

(3) ii, iii, iv

(4) ii, & iii

**25.** Which of the Institution/Ministry of Govt. of India is responsible for presenting Prime Minister's Award for excellence in Public Administration to Civil Servants ?

(1) Prime Minister's Office

(2) Cabinet Secretariat, Govt. of India

(3) The Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions

(4) The Ministry of Home Affairs

**26.** Yojana Aayog was replaced by National Institution for Transforming India (NITI Aayog) on which of the following date ?

(1) $1^{st}$ January, 2014

(2) $1^{st}$ January, 2015

(3) $15^{th}$ August, 2015

(4) $26^{th}$ January, 2014

**22.** निम्नलिखित आरोही क्रम को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) विनियामक (रेगुलेटिंग) अधिनियम

(ii) कॉर्नवालिस संहिता

(iii) एचिसन आयोग

(iv) मैकाले रिपोर्ट

**कूट** :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (ii), (iii), (iv), (i)

(3) (ii), (i), (iv), (iii)

(4) (i), (ii), (iv), (iii)

**23.** निम्न में से किस समिति ने सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा में 200 अंकों के निबंध वाले प्रश्न पत्र शुरू करने की सिफारिश सबसे पहले की थी ?

(1) कोठारी समिति, 1976
(2) सतीश चन्द्र समिति, 1989
(3) सुरेन्द्र नाथ समिति, 2003
(4) पी. सी. होता समिति, 2004

**24.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?
कूटों का उपयोग करते हुए उत्तर दीजिए :

(i) यू पी एस सी का अध्यक्ष – भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति

(ii) यू पी एस सी के सदस्य – यू पी एस सी के अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति

(iii) यू पी एस सी के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवानिवृत्ति – 5 वर्ष अथवा आयु के 62 वर्ष जो भी पहले हो ।

(iv) यू पी एस सी के सदस्य – भारत के प्रधानमंत्री द्वारा हटाए जाते हैं ।

**कूट** :

(1) (i), (ii), (iv)

(2) (iii) और (iv)

(3) (ii), (iii), (iv)

(4) (ii) और (iii)

**25.** भारत सरकार का निम्न में से कौन सा संस्थान / मंत्रालय लोक सेवकों को लोक प्रशासन में प्रधान मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार दिये जाने के लिये उत्तरदायी है ?

(1) प्रधान मंत्री कार्यालय
(2) मंत्रिमंडलीय सचिवालय, भारत सरकार
(3) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
(4) गृह मंत्रालय

**26.** निम्न में से किस तारीख को योजना आयोग के स्थान पर राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग) लाया गया था ?

(1) 1 जनवरी, 2014
(2) 1 जनवरी, 2015
(3) 15 अगस्त, 2015
(4) 26 जनवरी, 2014

**27.** Which Article of the Constitution authorises the Union or State Government to make grants for any public purpose, even when the purpose is one for which Parliament cannot normally legislate ?

(1) Article 268 (2) Article 269
(3) Article 282 (4) Article 271

**28.** **Assertion (A) :** CAG examines propriety, legality and validity of all government expenses.

**Reason (R) :** CAG exercises effective control over the government accounts.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is correct.

**29.** Who among the following does not have a constitutional safeguard regarding tenure ?

(1) Comptroller and Auditor General
(2) Chief Election Commissioner
(3) Prime Minister
(4) Chairperson of Union Public Service Commission

**30.** Which one of the following Commissions recommended the setting up of an Inter-State Council under Article 263 of the Constitution for resolution of conflicts between the Centre and the States ?

(1) First Administrative Reforms Commission
(2) Sarkaria Commission
(3) Punchhi Commission
(4) Second Administrative Reforms Commission

**31.** What is true of Lokpal and Lokayukta (Amendment) Bill 2016 ? Answer by using codes given below :

(i) It enables the leader of the single largest opposition party in the Lok Sabha in the absence of a recognized leader of opposition to be a member of the Selection Committee for Lokpal.
(ii) It amends Section 44 of the Parent Act and removed the period of limitation of 30 days as to furnishing of details of assets and liabilities of Public Servants.
(iii) It amends Section 45 of the Parent Act and removed the period of limitation of 30 days as to furnishing of details of assets and liabilities of Public Servants.
(iv) It keeps the provision of recognized leader of opposition to be a member of Selection Committee for Lokpal.

**Codes :**

(1) (i) & (iv)
(2) (i), (ii) & (iii)
(3) (i), (ii)
(4) (i), (iii)

**27.** संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा संघ अथवा राज्य सरकार को किसी ऐसे लोक उद्देश्य हेतु भी अनुदान के लिए प्राधिकृत किया जाता है जब सामान्यत: संसद इसके लिये कानून नहीं बना सकती ?

(1) अनुच्छेद 268
(2) अनुच्छेद 269
(3) अनुच्छेद 282
(4) अनुच्छेद 271

**28.** **अभिकथन** (A) : नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक सभी सरकारी खर्चों के औचित्य, वैधता और मान्यता की जाँच करता है।

**तर्क** (R) : नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक सरकारी लेखा पर प्रभावी नियंत्रण करता है।

**कूट** :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**29.** निम्नलिखित में किसे उसके कार्यकाल के संबंध में संवैधानिक सुरक्षोपाय प्राप्त नहीं है ?

(1) नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
(2) मुख्य चुनाव आयुक्त
(3) प्रधान मंत्री
(4) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

**30.** निम्नलिखित में से किस आयोग ने केंद्र और राज्यों के बीच संघर्ष के समाधान हेतु संविधान के अनुच्छेद 263 के अंतर्गत अंतर-राज्य परिषद् का गठन करने की सिफारिश की थी ?

(1) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(2) सरकारिया आयोग
(3) पुंछी आयोग
(4) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

**31.** लोकपाल और लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 के संदर्भ में क्या सत्य है ? नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए उत्तर दीजिए।

(i) यह एक मान्य विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति में लोक सभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को लोकपाल हेतु चयन समिति का सदस्य होने का अधिकार प्रदान करता है।
(ii) यह मूल अधिनियम के खण्ड 44 में संशोधन करता है और लोक सेवकों की परिसम्पत्तियों और दायित्वों के विवरणों को प्रस्तुत करने की 30 दिनों की सीमित अवधि को समाप्त करता है।
(iii) यह मूल अधिनियम के खण्ड 45 में संशोधन करता है और लोक सेवकों की परिसम्पत्तियों और दायित्वों के विवरणों को प्रस्तुत करने की 30 दिनों की सीमित अवधि को समाप्त करता है।
(iv) यह मान्य विपक्ष के नेता को लोकपाल के लिए चयन समिति का एक सदस्य होने का प्रावधान रखता है।

**कूट** :

(1) (i) और (iv)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (i), (ii)
(4) (i), (iii)

**32.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Title of the Report of 2nd ARC) | | List – II (Number of Report of 2nd ARC) | |
|---|---|---|---|
| a. | Refurbishing of Personnel Administration | i. | 15th Report |
| b. | Citizen Centric Administration | ii. | 13th Report |
| c. | Organizational Structure Of Government of India | iii. | 10th Report |
| d. | State and District Administration | iv. | 12th Report |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iv | ii | i | iii |

**33.** In which report of the Second Administrative Reforms Commission barriers of Good Governance in India have been identified ?

(1) Right to Information – Master key to Good Governance
(2) Unlocking Human Capital – Entitlements and Governance
(3) Promoting e-Governance – The Smart Way Forward
(4) Citizen Centric Administration – The Heart of Governance

**34.** Who states that "Gathering knowledge for knowledge's sake is termed as 'pure' or 'basic' research" ?

(1) Goode and Halt
(2) Pauline V. Young
(3) D. Slesinger and M. Stephenson
(4) William Healey

**35.** Which of the following statements are correct regarding factors considered for preparing appropriate research design ?

i. The nature of the research problem to be studied.
ii. The means for obtaining information.
iii. The availability of skills of the researcher.
iv. The availability of time and money for research work.

Select the correct answer by using codes given below :

(1) i, ii and iii
(2) i, ii and iv
(3) ii, iii and iv
(4) i, ii, iii and iv

**32.** सूची-I को सूची -II से सुमेलित कीजिए । नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I (द्वितीय ए.आर.सी. के प्रतिवेदन का शीर्षक) | सूची – II (द्वितीय ए.आर.सी. के प्रतिवेदन की संख्या) |
|---|---|
| (a) कार्मिक प्रशासन का नवीकरण | (i) 15वाँ प्रतिवेदन |
| (b) नागरिक केन्द्रित प्रशासन | (ii) 13वाँ प्रतिवेदन |
| (c) भारत सरकार का संगठनात्मक ढाँचा | (iii) 10वाँ प्रतिवेदन |
| (d) राज्य तथा जिला प्रशासन | (iv) 12वाँ प्रतिवेदन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**33.** दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की कौन से प्रतिवेदन ने भारत में सुशासन की बाधाओं की पहचान की है ?

(1) सूचना का अधिकार – उत्तम शासन के लिए मास्टर कुंजी

(2) मानव संपदा का व्यापक विस्तार – हकदारियाँ और अधिशासन

(3) ई-शासन का संवर्धन – मार्ट आगे बढ़ते कदम

(4) नागरिक केन्द्रित प्रशासन – शासन का केन्द्र बिन्दु

**34.** यह किसका कथन है कि "ज्ञान के लिए ज्ञान संग्रहण को 'शुद्ध' या 'मूलभूत' शोध कहते हैं" ?

(1) गुडे और हाल्ट
(2) पॉलाइन वी. यंग
(3) डी. स्लेसिंजर और एम. स्टेफन्सन
(4) विलियम हीले

**35.** समुचित शोध अभिकल्प तैयार करने के लिए ध्यान में रखे जाने वाले कारकों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(i) शोध की समस्या के प्रकार, जिसका अध्ययन किया जायेगा,

(ii) सूचना प्राप्त करने के तरीके

(iii) शोधार्थी के कौशलों की उपलब्धता

(iv) शोध कार्य के लिए समय और धन की उपलब्धता

निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii) और (iii)

(2) (i), (ii) और (iv)

(3) (ii), (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**36.** Who defined case study as "a comprehensive study of social unit be a person, a group, a social institution, a district or a community" ?

(1) H. Odum (2) William Healey

(3) Burgess (4) Pauline V. Young

**37.** Which one of the following methods is used by the commissions and committees appointed by government to carry on investigation ?

(1) Observation (2) Personal interview

(3) Unstructural interview (4) Focussed interview

**38.** Which one of the following is correct formula suggested by H.A. Sturges for determining the size of class interval for analyzing data ?

(1) $i = R / (1 + 2.3 \log N)$ (2) $i = R / (1 + 3.3 \log N)$

(3) $i = R / (1 + 4.3 \log N)$ (4) $i = R / (1 + 3.3 \times N)$

**39.** Which one of the following should not be included in the summary part of the research report ?

(1) Research problem in brief

(2) Research methodology

(3) Description of the study area

(4) Major conclusions

**40.** Which of the following subjects is not included in the Union List of Indian Constitution ?

(1) Relief for the disabled and unemployable.

(2) Fishing and fisheries beyond territorial water.

(3) Taxes on the sale or purchase of newspapers and on advertisements published there-in.

(4) Taxes on income other than agriculture.

**41.** Consider the following statements regarding Social Administration :

i. It is a sub-field of Public Administration.

ii. It comprises of social policies and programmes meant for preventing the incapabilities of individual and family.

iii. Rehabilitation of criminals and substance users is one of its objectives.

iv. It is a multi-disciplinary field of study.

Select the correct answer by using codes given below :

**Codes :**

(1) i, ii and iii

(2) ii, iii and iv

(3) i, iii and iv

(4) i, ii, iii and iv

**36.** वैयक्तिक अध्ययन को "एक व्यक्ति, एक समूह, एक सामाजिक संस्थान, एक जिला अथवा एक समुदाय रूपी सामाजिक इकाई के व्यापक अध्ययन के रूप में" किसने परिभाषित किया है ?

(1) एच. ओडम (2) विलियम हीले

(3) बर्गेस (4) पॉलाइन वी. यंग

**37.** सरकार द्वारा गठित आयोगों तथा समितियों द्वारा जाँच कार्य हेतु निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है ?

(1) अवलोकन (2) वैयक्तिक साक्षात्कार

(3) असंरचित साक्षात्कार (4) केन्द्रित साक्षात्कार

**38.** निम्नलिखित में से आँकड़ा विश्लेषण हेतु वर्ग अंतराल के आकार के निर्धारण हेतु एच. ए. स्टर्जेस द्वारा सुझाया गया सही सूत्र कौन सा है ?

(1) $i = R/(1 + 2.3 \log N)$ (2) $i = R/(1 + 3.3 \log N)$

(3) $i = R/(1 + 4.3 \log N)$ (4) $i = R/(1 + 3.3 \times N)$

**39.** निम्नलिखित में से किसे अनुसंधान प्रतिवेदन के सारांश भाग में शामिल नही किया जाना चाहिए ?

(1) संक्षेप में अनुसंधान समस्या (2) शोध पद्धति

(3) अध्ययन क्षेत्र का विवरण (4) प्रमुख निष्कर्ष

**40.** निम्नलिखित में से किस विषय को भारतीय संविधान की संघ सूची में शामिल नही किया गया है ?

(1) नि:शक्त और अनियोज्य व्यक्तियों को राहत

(2) भूभागीय जलक्षेत्र के बाहर मछली पकड़ना एवं मत्स्य उद्योग

(3) समाचारपत्रों की बिक्री अथवा खरीद पर तथा उनमें प्रकाशित विज्ञापनों पर कर

(4) कृषि से भिन्न आय पर कर

**41.** सामाजिक प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) यह लोक प्रशासन का एक उप-क्षेत्र है ।

(ii) इसमें व्यक्ति और परिवार की अक्षमताओं को रोकने वाली सामाजिक नीतियाँ और कार्यक्रम शामिल होते हैं ।

(iii) अपराधियों और मादक पदार्थों का उपयोग करने वालों का पुनर्वास इसके उद्देश्यों में से एक है ।

(iv) यह अध्ययन का एक बहु-अनुशासनिक क्षेत्र है ।

नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(1) (i), (ii), और (iii)

(2) (ii), (iii), और (iv)

(3) (i), (iii), और (iv)

(4) (i), (ii), (iii), और (iv)

**42.** Which of the following statements regarding Social Change is not correct ?

(1) It is a natural process taking place in every society.

(2) It is a continuous process having uniform speed.

(3) It comprises of changes in social structure and processes.

(4) This change can be complete or partial.

**43.** Which Constitutional Amendment bifurcated the combined National Commission for SCs and STs into two separate bodies ?

(1) $52^{nd}$ Amendment (2) $89^{th}$ Amendment

(3) $90^{th}$ Amendment (4) $93^{rd}$ Amendment

**44.** Which one of the following is the lowest tier of Local Government in France ?

(1) Canton (2) Chartered Cities

(3) Communes (4) The Marie

**45.** Which one of the following is not a type or form of Local Government in U.S.A. ?

(1) The Mayor-Council form

(2) The Commission form

(3) The Council/City Manager Plan

(4) The District Council form

**46.** Which one of the following statement does not explain a distinct feature of a Departmental form of Organization ?

(1) It is fully owned by the Government.

(2) It is created for regulating activities of the Government.

(3) It is subject to strict accounting and audit controls.

(4) Public undertakings doing business always constitute themselves into and should be seen as, a separate commercial entity.

**42.** सामाजिक परिवर्तन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) यह प्रत्येक समाज में घटित होने वाली स्वाभाविक प्रक्रिया है ।

(2) यह समान गति के साथ एक निरंतर प्रक्रिया है ।

(3) इसमें समाजिक ढाँचा और प्रक्रियाओं में बदलाव शामिल हैं ।

(4) यह बदलाव पूर्ण अथवा आंशिक हो सकता है।

**43.** निम्नांकित में से किस संविधान संशोधन द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए संयुक्त राष्ट्रीय आयोग को दो पृथक निकायों में विभाजित किया गया है ?

(1) 52वाँ संशोधन (2) 89वाँ संशोधन

(3) 90वाँ संशोधन (4) 93वाँ संशोधन

**44.** निम्नलिखित में से कौन फ्रांस में स्थानीय शासन का निम्नतम स्तर है ?

(1) कैन्टोन (2) चार्टर्ड सिटीज (शहर)

(3) कम्यून्स (4) द मेरी

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त राज्य अमेरिका (यू एस ए) के स्थानीय शासन का प्रकार या रूप नहीं है ?

(1) मेयर- काउंसिल रूप

(2) कमीशन रूप

(3) काउंसिल/सिटी मैनेजर योजना

(4) डिस्ट्रिक्ट काउंसिल रूप

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन संगठन के विभागीय रूप की विशिष्ट विशेषता की व्याख्या नहीं करता है ?

(1) इसमें सरकार का पूर्ण स्वामित्व होता है।

(2) इसका निर्माण सरकार के कार्यकलापों को विनियमित करने के लिये किया गया है ।

(3) यह कठोर लेखांकन और लेखा-परीक्षा नियंत्रण के अधीन होता है ।

(4) व्यवसाय करने वाले लोक उपक्रम इसमें सदैव अपना योगदान देते हैं और उन्हें एक पृथक वाणिज्यिक सत्ता के रूप में देखा जाना चाहिये ।

**47.** Which of the following subjects is not included in the $11^{th}$ Schedule of Indian Constitution ?

(1) Drinking Water

(2) Prevention of Cruelty to Animals

(3) Libraries

(4) Markets and Fairs

**48.** Which of the following committee first recommended people's participation in government programmes through PRIs ?

(1) B.R. Mehta Committee

(2) Ashok Mehta Committee

(3) L.M. Singhvi Committee

(4) G.V.K. Rao Committee

**49.** **Assertion (A) :** Domestic economic developments are constrained by loss of policy autonomy in India.

**Reason (R) :** Globalization has intensified interdependence and competition between economics.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is correct.

**50.** Which of the following areas is not examined by the Expenditure Management Commission ?

(1) Delivery mechanism of programmes of the government

(2) Technology being used to implement the programmes

(3) Pros and Cons of various programmes

(4) The Accounting methods used by the government

**47.** निम्नलिखित में से किस विषय को भारतीय संविधान की 11वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है ?

(1) पेय जल

(2) जानवरों के प्रति क्रूरता का निवारण

(3) पुस्तकालय

(4) बाजार और मेले

**48.** निम्नलिखित में से किस समिति ने सर्वप्रथम पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों में जनसहभागिता की अनुसंशा की थी ?

(1) बी.आर. मेहता समिति

(2) अशोक मेहता समिति

(3) एल.एम. सिंघवी समिति

(4) जी.वी.के. राव समिति

**49.** **अभिकथन** (A) **:** भारत में आंतरिक आर्थिक विकास नीतिगत स्वायत्ता की कमी से सीमित होते हैं ।

**तर्क** (R) : वैश्वीकरण ने अर्थव्यवस्थाओं के बीच अन्तर्निर्भरता एवं प्रतिस्पर्धा को गहरा किया है ।

**कूट** :

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**50.** व्यय प्रबंधन आयोग द्वारा निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों की जाँच नहीं की जाती है ?

(1) सरकारी कार्यक्रमों का वितरण तन्त्र

(2) कार्यक्रमों को लागू करने हेतु प्रयुक्त प्रौद्योगिकी

(3) विभिन्न कार्यक्रमों के पक्ष और विपक्ष

(4) सरकार द्वारा प्रयुक्त लेखा विधि

**Space For Rough Work**